जयपुर में सर्वाधिक 1 लाख 88 हजार 255 अपात्र लाभार्थियों ने किया 'गिव अप'

अपात्र लाभार्थियों द्वारा 'गिव अप' के मामले में 41 जिलों में प्रथम स्थान पर जयपुर जिला

- कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जयपुर में जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक मुहिम के तहत गिव अभियान का संचालन किया जा रहा है
- 26 जनवरी 2025 से 2 जून 2025 तक जोड़े गए 1 लाख 81 हजार 485 नए पात्र लाभार्थी
- अपात्रों पर जिला प्रशासन की सख्ती, 986 को स्वेच्छा से 'गिव अप' के लिए नोटिस जारी
- रात्रि चौपाल, जन सुनवाई सहित समस्त सार्वजनिक कार्यक्रमों में की जा रही अपील
- जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत तक मुहिम के तहत 'गिव अप' के लिए किया जा रहा प्रेरित
- अपील ला रही रंग, जन प्रतिनिधियों से लेकर सर्वसाधारण तक मुहिम को मिल रहा सहयोग

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र व्यक्ति को स्वेच्छा से नाम हटवाने के लिए प्रेरित करने हेतु जयपुर जिले में 'गिव अप' अभियान का सफल संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत जयपुर जिले में सर्वाधिक 1 लाख 88 हजार 255 अपात्र व्यक्तियों ने गिव अप किया है। वहीं, जयपुर जिले में 1 लाख 81 हजार 485 नए पात्र व्यक्तियों का नाम खाद्य सुरक्षा सूची में शामिल किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं जिले में गिव अप अभियान के क्रियान्वयन एवं प्रगति की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। गिव अप अभियान के तहत अपात्र लाभार्थियों द्वारा गिव अप किये जाने मामलों में राज्य के 41 जिलों में जयपुर ने प्रथम स्थान पर है।

जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर जयपुर में जिला मुख्यालय से ग्राम पंचायत स्तर तक मुहिम के तहत गिव अभियान का संचालन किया जा रहा है। रात्रि चौपाल, जन सुनवाई, ग्राम सभा सहित समस्त सार्वजनिक कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों सहित समाज मौजिज लोगों द्वारा सर्व साधारण को गिव अप के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यही कारण है कि गिव अप अभियान को जयपुर जिले में आमजन का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि जिले में आयोजित हो रही नियमित रात्रि चौपाल एवं जनसुनवाई कार्यक्रमों में जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित किये जाने पर आमजन गिव अप के लिए आगे आ रहे है।

कालवाड़ तहसील के बेगस गांव में आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में भी जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के आव्हान पर मौके पर ही 128 ग्रामीणों ने गिव अप के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ कार्यालय द्वारा सख्ती बरती जा रही है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार जयपुर में योजना के 986 अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटवाने के लिए नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने गिव अप अभियान को आगामी 30 जून, 2025 तक संचालित करने का फैसला किया गया है।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन एवं जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा के नेतृत्व में जिला रसद कार्यालय, जयपुर शहर एवं जयपुर ग्रामीण ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

मीणा ने बताया कि 30 जून 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जायेगी। शास्ति की गणना 27 रुपये प्रति किलोग्राम के अनुसार खाद्य सुरक्षा सूची में नाम अंकित होने की तिथि से नाम हटाने की तिथि तक उप व्यक्ति द्वारा जितना खाद्यान्न प्राप्त किया गया है, अनुसार की जाकर मय ब्याज वसूली की जाएगी। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार ऐसे कार्मिकों की सूचियां तैयार की जा रही हैं एवं ऐसे कार्मिकों के संबंधित विभागों को वसूली की राशि कार्मिक के मासिक वेतन से कटौती करने हेतु लिखा जावेगा।

गिव अप अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा सूची की निष्कासन श्रेणी में सम्मिलित परिवार यथा ऐसे परिवार जिनमें कोई भी एक सदस्य सरकारी, अर्द्ध सरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो अथवा 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक पेंशन प्राप्त करता हो

अथवा जिसके सभी सदस्यों की कुल आय 1 लाख रुपये वार्षिक से अधिक हो या निजी चौपहिया वाहन धारक या आयकरदाता हो सम्मिलित है, को प्रेरित कर खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम स्वेच्छा से पृथक करवाए जाने हेतु आवेदन करवाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में अब तक हजारों परिवारों द्वारा गिव अप अभियान के अन्तर्गत आवेदन कर अपना नाम खाद्य सुरक्षा सूची से हटवाया गया है।

प्रेमी को रुपए भेजने को लेकर टॉर्चर करती थी पत्नी, परेशान पति ने किया सुसाइड

जयपुर। कालवाड़ थाना पुलिस ने पति के सुसाइड मामले में पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पत्नी अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति के साथ मारपीट करती थी। रुपयों के लिए टॉर्चर करती थी। पुलिस ने गिरफ्तार पत्नी और उसके प्रेमी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

थानाधिकारी कविता शर्मा ने बताया कि मां वैष्णो देवी कॉलोनी हाथोज निवासी प्रकाश शर्मा ने जहर खाकर सुसाइड किया था। आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी पत्नी चंचल शर्मा निवासी श्रीमाधोपुर सीकर और उसके प्रेमी राकेश सैनी निवासी वैद्यजी का चौराहा करधनी को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि साल 2017 में प्रकाश की शादी चंचल शर्मा से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही दोनों परिवार से अलग कर वैद्यजी का चौराहा पर रहने लगे। कुछ ही दिनों में वहां रहने वाले राकेश सैनी से घुल मिल गई। प्रकाश की गैरमौजूदगी में राकेश घर आने-जाने लगा। अपने साथ घूमने के लिए ले जाने लगा। प्रकाश के विरोध करने पर प्रेमी राकेश के साथ मिलकर पत्नी चंचल मारपीट करती। पति प्रकाश की सैलरी भी प्रेमी राकेश के अकाउंट में ट्रांसफर कर देती थी। 13 अगस्त 2024 को चंचल अपने पति प्रकाश के साथ पीहर आई थी। पति प्रकाश के बैंक अकाउंट से प्रेमी राकेश को 36 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इसके साथ ही पति प्रकाश पर 3 लाख रुपए प्रेमी राकेश के अकाउंट में डालने का दबाव बनाने लगी। प्रेमी के साथ मिलकर रुपए देने के लिए टॉर्चर कर रही थी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सपत्नीक श्री गोविन्द देव जी मंदिर में निर्जला एकादशी के बाद विधिवत् पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

स्टेशन की पार्किंग में बाइक खड़ी कर भागा युवक

जयपुर। शिवदासपुरा थाना इलाके में घर छोड़कर एक युवक के भागने का मामला सामने आया है। खाटूश्याम जाने की कहकर निकले युवक ने रेलवे स्टेशन की पार्किंग में बाइक खड़ी की। परिजनों को मैसेज भेजा कि अब वापस नहीं आऊंगा, बाइक मंगा लेना। परिजनों ने लापता युवक की गुमशुदगी दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि शिवदासपुरा के रहने वाले युवक ने मामला दर्ज करवाया कि उनका 30 वर्षीय भाई घर छोड़कर चला गया है। उसका छोटा भाई चार जून को घर से बाइक लेकर खाटू श्यामजी जाने की बोलकर निकला था। जो वापस घर नहीं लौटा। अगले दिन 5 जून को सुबह करीब 3:45 बजे मम्मी के मोबाइल पर मैसेज किया। मैसेज में बाइक की पार्किंग की पर्ची की फोटो भेजी हुई थी।

विधायक सराफ ने किया 26 कैमरों के लोकार्पण

जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 146 शर्मा कॉलोनी 22 गोदाम में विधायक कोष के द्वारा प्रदत्त राशि 30 लाख रूपये की लागत से लगे 26 कैमरों का लोकार्पण किया।पार्षद कविता कटियार ने बताया की शर्मा कॉलोनी में आए दिन चोरियां होती थी, और असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए जाते थे। विकास समिति अध्यक्ष शैलेश शर्मा ने बताया की स्थानीय लोगों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक सराफ के द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगवाए गये है जिसका आज भव्य लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक शंकर शर्मा, पार्षद हिमांशु जैन, विकास समिति उपाध्यक्ष योगेश बिरला,सचिव मोहनलाल भोजवानी,कोषाध्यक्ष मदन कुमार शर्मा, गणेश नारायण शर्मा, विमल कटियार,गीता भाटी,रामकिशोर शर्मा,एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

विधायक कालीचरण सराफ ने 22 गोदाम में विधायक कोष के द्वारा प्रदत्त राशि 30 लाख रूपये की लागत से लगे कैमरों का लोकार्पण किया।

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का गहलोत पर पलटवार

- पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत के बिजली कटौती के दावे झूठे, लोगों को कर रहे भ्रमित

जयपुर। ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा एक्स के माध्यम से उठाए बिजली कटौती के दावों को खारिज किया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उनके कोई मुद्दा नहीं है इसलिए झूठे ट्वीट करके लोगों को भ्रमित करते हैं।

ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के अदूरदर्शी निर्णयों से पिछली गर्मी में प्रदेश की जनता को परेशानी झेलनी पड़ी। गहलोत सरकार के कुप्रबन्धन एवं बैंकिंग के कारण से हमें पिछली गर्मी में लगभग 1000 मेगावाट रोजाना खरीदना और लौटाना पड़ा। बिजली के कुप्रबन्धन के साथ जिस तरह का तंत्र पिछली कांग्रेस सरकार ने हमें दिया वो किसी से छिपा नहीं है।

नागर ने कहा कि इस बार की गर्मी में जनता को बिजली को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं हुई है। सिर्फ कुछ जगह पूर्व सूचना के साथ ही मेंटीनेस के कारण ही बिजली को बंद किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार किसी प्रकार का लोड़ शेडिंग नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हमने डेढ़ साल में 1000 मेगावाट से ज्यादा के सोलर प्लांट को बिजली के ग्रिड से जोड़ा जा चुका है तथा 10000 से ज्यादा मेगावाट के प्लांट पाइपलाइन में है। बहुत ही जल्द केंद्र सरकार से 4000 मेगावाट का बैटरी स्टोरेज भी मिलेगी तथा यह बैटरी स्टोरेज प्रदेश में बिजली के क्षेत्र में गेम चेंजर साबित होगा।

नागर ने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में 42 जीएसएस का निर्माण कराया गया, जबकि हम डेढ़ साल में ही 80 जीएसएस का काम पूरा कर चुके है तथा इस साल के अंत तक 130 जीएसएस का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। नागर ने कहा कि देश-प्रदेश प्रगति कर रहा है और इससे बिजली की डिमांड बढ़ रही है। आने वाले समय में बढ़ती बिजली की मांग को ध्यान में रख कर हमारी सरकार कार्य कर रही है।

अनशन में दो महिला अभ्यर्थियों की तबियत बिगड़ी

जयपुर । आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 की तिथि स्थगन एवं वार्षिक परीक्षा कैलेंडर की मांग को लेकर राजस्थान विश्वविद्यालय में अभ्यर्थियों का अनशन रविवार को भी जारी रहा और इस दौरान दो महिला अभ्यर्थियों की तबियत बिगड़ गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस मांग को लेकर गुरुवार को अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया गया था और शनिवार को अभ्यर्थियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी । रविवार को अनशन पर बैठी एक महिला को तेज़ बुख़ार हो गया और उसकी तबियत बिगड़ गई । इसी तरह एक अन्य महिला अभ्यर्थी की भी तबियत खराब होने पर दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अनशन कर रहे अभ्यर्थियों ने मांग करते हुए "बच्चे भूखे बैठे हैं , के नारे लगाकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ध्यान अपनी ओर खींचा।

उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनकी बात नहीं सुनेगी, वे पीछे नहीं हटेंगे। आंदोलन में पूर्व सैनिकों और महिला अभ्यर्थियों की भागीदारी इसे और भी भावनात्मक और संवेदनशील बना रही है।

'धर्मसंस्थापनार्थाय' पुस्तक का भव्य लोकार्पण

जयपुर। प्रभु दयाल चतुर्वेदी स्मृति समिति के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध संपादक और लेखक कन्हैया लाल चतुर्वेदी की बहुचर्चित पुस्तक "धर्मसंस्थापनार्थाय" का लोकार्पण हुआ। सिक्किम के महामहिम राज्यपाल श्री ओम प्रकाश माथुर मुख्य, सांभर स्थित नाथ सम्प्रदाय आश्रम के प्रमुख पूजनीय संत श्री रमण नाथ, प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक पद्म श्री डॉ. चन्द्र प्रकाश द्विवेदी और प्रदीप कुमार शेखावत, राज्य सूचना आयुक्त, हरियाणा सरकार, ने पुस्तक का लोकार्पण किया। महामहिम राज्यपाल ओम माथुर ने इस अवसर पर कहा कि पुस्तक "धर्मसंस्थापनार्थाय" भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं धर्म की स्थापना के ऐतिहासिक, दार्शनिक और सामाजिक पहलुओं को विश्लेषित करती है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दौर में संघ विस्तार के कार्य की कठिनाइयों का उदाहरणों के साथ जिक्र किया।

सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने कहा कि संघ तपस्या से खड़ा हुआ है। उन्होंने कई घटनाओं का वर्णन करते हुए कहा कि संघ कार्य को लोगों को किस तरह तैयार किया गया और संघ से जोड़ा गया। उन्होंने कहा, संघ के स्वंयसेवक चलते-चलते, घूमते खेलते सीखते हैं। उन्होने कहा, इसी तरह संघ के कार्य के प्रति चारों तरफ श्रद्धा खड़ी हो गई। यह धर्म स्थापना का ही कार्य है। हम सभी को पुस्तक विशेष कर संघ साहित्य पढ़ने की आदत डालनी चाहिए ताकि संघ कार्य के लिए प्रेरित होगी और मूल शाखाओं के विस्तार के कार्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा, प्रथम सरसंघचालक डॉक्टर हेडगेवार द्वारा की गयी संघ स्थापना कार्य और गुरु जी की संघ के कार्य को आगे बढ़ाने की कठिन स्थितियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, इन महान लोगों के कार्यों के बारे में आमजन को जानकारी मिलेगी कि किस तरह से संघ के कार्य को खड़ा किया गया, इस पुस्तक से वो सभी कुछ जानने को मिलेगा। इसीलिए इस पुस्तक को पढ़ना बेहद जरूरी है।

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक पद्म श्री डॉ. चन्द्र प्रकाश द्विवेदी ने कहा पढ़ना-लिखना बहुत कठिन है और हमारे शास्त्रों में वर्णन आता है कि देवताओं को भी मंच से डर लगता है। हम सभी को अपने जीवन का अनुभव जरूर लिखना चाहिए इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि कन्हैया लाल चतुर्वेदी जी ने पुस्तक धर्मसंस्थापनार्याय लिखकर अपने मनुष्य होने का दायित्व पूरा किया है। यह पुस्तक संघ के कार्यों, उसकी कठिनाइयों के बारे में है।

निश्चित तौर पर यह पढ़ने वालों को नयी ऊर्जा और प्रेरणा देगी। इससे पहले पुस्तक के लेखक श्री कन्हैया लाल चतुर्वेदी ने बताया कि धर्म और राष्ट्रीयता परस्पर निर्भर है। धर्म और रिलिजन अलग-अलग है।

अंग्रेजों ने हमारे धर्म को नष्ट करने का षड्यंत्रपूर्वक कार्य किया और उसको कमजोर किया। लेकिन, डॉक्टर हेडगेवार ने संघ की स्थापना कर इस धर्म और राष्ट्रीय जीवन को खड़ा करने का निश्चय किया। संघ का कार्य धर्म की स्थापना का कार्य है। इस कार्य को हमारे लाखों कार्यकर्ताओं और प्रचारकों ने मिलकर किया है। इस पुस्तक में संघ का इतिहास दिया है और अन्य विवरण भी शामिल है। सांभर स्थित नाथ आश्रम के योगी रमण नाथ ने कहा आजादी के बाद जो राष्ट्र जीवन उभरना चाहिए था।

श्रद्धासुमन अर्पित किए

जयपुर। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने आज जयपुर में श्री क्षित्रय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।

इसके बाद सांसद सीपी जोशी खींवसर पहुंचे जहां चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से मिलकर उनकी धर्मपत्नी प्रीति कुमारी के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। सांसद सीपी जोशी ने अजमेर पहुंचकर राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद ओंकार सिंह लखावत से मिले और उनकी धर्मपत्नी रतन कंवर के निधन पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

10 हजार का इनामी ठग जयपुर से पकड़ा

जयपुर। दौसा के बांदीकुई थाना पुलिस और डीएसटी ने पिछले चार साल से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी बदमाश राजीव बैरवा उर्फ राजू पुत्र रामचंद्र (40) निवासी ईंटका थाना सिकंदरा को जयपुर से दबोच लिया है। यह शातिर ठग खुद को आयकर विभाग का अधिकारी बताकर बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देता और उनसे लाखों रुपये ऐंठ लेता था। एसपी सागर राणा ने बताया कि राजीव बैरवा सिकंदरा क्षेत्र का रहने वाला है। आरोपी ऐसे ही मामले में थाना बांदीकुई में 1 अक्टूबर 2021 और 3 जनवरी 2023 को दर्ज दो बड़े धोखाधड़ी के मामलों में वांछित था। आरोपी ने सैकड़ों बेरोजगार युवाओं को आयकर विभाग में एलडीसी और अन्य पदों पर नौकरी लगवाने का सब्जबाग दिखाया। वह उनसे लाखों रुपये ऐंठता और बदले में फर्जी नियुक्ति पत्र व चयन सूची थमा देता था। धोखाधड़ी के बाद राजू लगातार अपने फोन नंबर बदलता और जयपुर शहर के अलग-अलग इलाकों में छिपकर फरारी काट रहा था। कोर्ट ने भी इसे भगोड़ा घोषित किया हुआ था।

NAME CHANGE

I have changed my name from Sunil Kumar Adiwal to Sunil Adiwal for all future purposes. S/o Sh kailash Chand R/o A-160, Indra Nagar, Jhalana Doongri, Jawahar Nagar, Jaipur

आम सूचना हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाथ्य मनीष बलाई पुत्र लक्ष्मीकान्त बलाई पता 35बी-35सी पटेल नगर, नामदेव कॉलोनी, वायरलैस आफिस के पीछे, सांगानेर, जयपुर की स्वामित्व व कब्जेशुदा सम्पत्ति प्लाट नं0 35बी-35सी कुल क्षेत्रफल 143.88 वर्गगज स्थित है जो कि जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मेरे अभिभाथ्य की माताजी के पिता नारायण लाल पुत्र माधोलाल बलाई को आवंटित किया गया था उक्त प्लाटो की वसीयत नारायणलाल द्वारा मेरे अभिभाथ्य की माताजी दौलत देवी के पक्ष मे कर दी गई थी, नारायण लाल की मृत्यु के उपरान्त मेरे अभिभाथ्य की माताजी उक्त प्लाटो की एकमात्र मालिक व स्वामी रही है। मेरे अभिभाथ्य की माताजी दौलत देवी की मृत्यु के उपरान्त मेरा अभिभाथ्य ज़रिये हकत्याग पत्र उक्त वर्णित प्लाटो का एकमात्र मालिक व स्वामी है। उक्त वर्णित प्लाटो के सम्बन्ध मे मेरे अभिभाथ्य के अलावा किसी भी व्यक्ति को कोई हक व अधिकार प्राप्त नही है। यदि कोई भी व्यक्ति / संस्था मेरे अभिभाथ्य के उक्त प्लाटो के सम्बन्ध मे किसी व्यक्ति / संस्था से कोई सम्व्यवहार करता तो वह उसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी तथा ऐसा सम्व्यवहार मेरे अभिभाथ्य के हक अधिकारो के प्रति शुन्य व निष्प्रभावी होगा। सूचित रहे।
दिनांक-9/6/25 रामचन्द सैनी, एडवोकेट
जयपुर मो.-9351717175

गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धालुओं को मटके वितरित किए

- आगामी दिनों में 1000 मटके और बांटे जाएंगे

जयपुर। देश-प्रदेश में अच्छी वर्षा और रामगढ़ बांध पर एक बार फिर चादर चलने की मंगल कामना के साथ गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में पंच कुंडीय सुवृष्टि कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सनातन बोर्ड संघर्ष समिति के संयोजक राहुल द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर यज्ञ का शुभारंभ किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को मिट्टी के मटके वितरित कर भारतीय संस्कृति और परम्पराओं की लौटने का संदेश दिया।सनातन बोर्ड संघर्ष समिति की ओर से आगामी दिनों में गलता गेट, जय सिंहपुरा खोर, विद्याधर नगर में एक हजार मटके वितरित किए जाएंगे। मटका वितरण के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। यज्ञ में पारियों में करीब ढाई सौ श्रद्धालुओं ने यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। भगवान देवराज इंद्र और वरूण देवता का भावभरा आ ान कर मानसून के दौरान श्रेष्ठ वर्षा करते हुए भरपूर बारिश करने की प्रार्थना की। गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा और सह व्यवस्थापक मणिशंकर पाटीदार के निर्देशन में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के दिनेश आचार्य दिनेश मारबदे की टोली ने प्रज्ञा गीतों के साथ यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य वक्ता गिरधर गोपाल आसोपा ने कहा कि गायत्री मंत्र का जप करने वाला व्यक्ति ईश्वरीय चेतना के साथ सीधे जुड़ जाता है। गायत्री महामंत्र का नियमित रूप से जप करने वाले को विवेक, आत्म विश्वास और सदबुद्धि सहज सुलभ हो जाती है। प्रारंभ में आराध्य देव गोविंद देवजी, मां गायत्री और गुरुसत्ता का सोडशोपचार पूजन किया गया ।अग्नि प्रज्जवलन कर गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय महामंत्र से यज्ञ भगवान को विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित की गई। इस मौके पर चार जनों का भारतीय संस्कृति के अनुसार पंच तत्वों का पूजन करते हुए जन्मदिन संस्कार मनाया गया । उपस्थित लोगों ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद प्रदान किया। मंदिर की ओर से ठाकुर जी की छवि, दुपट्टा, प्रसाद और गायत्री परिवार की ओर से साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया।

यज्ञ के समापन पर गायत्री परिवार बनीपार्क के रमेश अग्रवाल और कैलाश अग्रवाल को ज्ञान प्रसाद के रूप में प्रेरक युग साहित्य की पुस्तक भेंट की।

श्रद्धालुओं को मिट्टी के मटके वितरित कर भारतीय संस्कृति और परम्पराओं की लौटने का संदेश दिया।

साहित्य ही राष्ट्र व समाज की भाषा है : मनोज कुमार

- राष्ट्रीय सह संगठन सचिव मनोज कुमार ने कहा, "पहचान के बिना व्यक्ति का अस्तित्व नहीं है। लेकिन भारतीय परिप्रेक्ष्य में दो हजार वर्षों के आक्रमण एवं समय और स्थान के प्रभाव ने हमारी पहचान में भ्रम उत्पन्न कर दिया है। व्यक्ति से लेकर परिवार, समाज व देश की भी पहचान होती है

जयपुर । दावणगेरे शनिवार को महादेवप्पा कल्याण मंदिर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद कर्नाटक राज्य के चौथे अधिवेशन साहित्य में स्व विषय पर उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय सह संगठन सचिव मनोज कुमार ने कहा, "पहचान के बिना व्यक्ति का अस्तित्व नहीं है। लेकिन भारतीय परिप्रेक्ष्य में दो हजार वर्षों के आक्रमण एवं समय और स्थान के प्रभाव ने हमारी पहचान में भ्रम उत्पन्न कर दिया है। व्यक्ति से लेकर परिवार, समाज व देश की भी पहचान होती है और आत्मबोध से ही विश्वबोध होता है। समाज में विशेष स्थान रखने वाले लेखकों को अपनी रचनाओं और लेखन के माध्यम से लोगों की स्व की चेतना जागृत करने की जरूरत है।"

जैसे संस्कृति राष्ट्र और समाज की पहचान है वैसे ही साहित्य इसकी भाषा है। भारत की साहित्यिक विरासत की चर्चा करते हुए मनोज कुमार ने कहा सम्पूर्ण विश्व में साहित्य से भी बहुत अधिक भारतीय भाषाओं का साहित्य है लेकिन इन रचनाओं से पूरा भारत भी परिचित नहीं हैं ।

उन्होंने कहा कि भारतीय साहित्य का सीधे भारतीय भाषाओं के अनुवाद क्षेत्र में बहुत सम्भावनाएं हैं। यह दुखद है कि किसी भारतीय भाषा का पहले अनुवाद अंग्रेजी में होता है पश्चात अन्य भारत की भाषा में इससे उसका मूल भाव मर जाता है इसलिए, लेखकों के सहयोग से अच्छी रचनाओं के अनुवाद का कार्य हाथ में लेने का प्रयास है। भारत की प्राचीन ज्ञान संपदा को लोगों तक पहुँचाने की आवश्यकता है। साहित्य को समग्र रूप से देखने की आवश्यकता है, न कि टुकड़ों में। तभी भारत एक बार फिर विश्व का मार्गदर्शन कर सकेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं साहित्य परिषद के कर्नाटक के नूतन अध्यक्ष एस.टी. कोटी बागलकोटे ने की।

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक : न.नि.भ./स्कीम/2025-26/4017-4018 सार्वजनिक सूचना दिनांक : 03.06.2025

स्टेडियम नगर योजना भरतपुर के भूखण्ड संख्या 72 A क्षेत्रफल 250 वर्गगज का आवासीय रूपान्तरण पट्टा विलेख क्रमांक 14731 दिनांक 08.10.2013 नगर सुधार न्यास, भरतपुर द्वारा श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री चन्द्रपाल सिंह जाति जाट निवासी - स्टेडियम नगर, भरतपुर के नाम जारी किया गया। उक्त भूखण्ड का उपविभाजन नगर विकास न्यास, भरतपुर के पत्रांक 1589-90 दिनांक 03.05.2018 के द्वारा श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री चन्द्रपाल सिंह के नाम पूर्व में हो चुका है। भूखण्ड संख्या 72-A क्षेत्रफल 125 वर्गगज एवं भूखण्ड संख्या 72-A-1 क्षेत्रफल 125 वर्गगज श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री चन्द्रपाल सिंह का है। श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री चन्द्रपाल सिंह ने भूखण्ड संख्या 72-A-1 जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 21.12.2020 के द्वारा श्रीमती रीना देवी पत्नी श्री महेश चंद को विक्रय कर दिया। विक्रय होने के पश्चात् उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन नगर विकास न्यास, भरतपुर के ऑनलाइन क्रमांक 308 दिनांक 17.02.2021 के द्वारा श्रीमती रीना देवी पत्नी श्री महेश चंद के नाम पूर्व में हो चुका है। श्रीमती रीना देवी पत्नी श्री महेश चंद ने उक्त भूखण्ड जरिये रजिस्टर्ड वयनामा दिनांक 16.04.2025 के द्वारा श्रीमती आरती शर्मा पत्नी श्री भोलूराम शर्मा को विक्रय कर दिया। आवेदिका श्रीमती आरती शर्मा पत्नी श्री भोलूराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी - 72, ब्राह्मण मौहल्ला, ऊँचागाँव, तह० व जिला भरतपुर उक्त भूखण्ड का नाम परिवर्तन कराना चाहती है। भूखण्ड संख्या 72-A-1, स्टेडियम नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है।

भूखण्ड संख्या 72-A-1, स्टेडियम नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही इस कार्यालय द्वारा की जानी है। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति होतो अन्दर अवधि सात दिवस में कार्यालय नगर निगम, भरतपुर में अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा गुजरने म्याद भूखण्ड संख्या 72-A-1, स्टेडियम नगर, भरतपुर का नाम परिवर्तन करने की कार्यवाही कर दी जावेगी एवं कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

प्रभारी अधिकारी स्कीम शाखा, नगर निगम, भरतपुर